भारत सरकार
खान मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3828**
दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के अंतर्गत तांबे की खानें**

3828. श्री अरविंद गणपत सावंत:
श्रीमती भारती पारधी:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के अंतर्गत संचालित खानों का स्थानवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन खानों से कुल कितना तांबा उत्पादन होता है और उसका मूल्य कितना है;

(ग) खानवार तथा वर्षवार अर्जित लाभ का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या महाराष्ट्र में और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के मलाज खंड में तांबा संयंत्र स्थापित किए गए हैं;

(ङ) यदि हां, तो ये संयंत्र कब स्थापित किए गए तथा उनकी स्थापना लागत क्या है;

(च) इन संयंत्रों में विनिर्मित उत्पादों का ब्यौरा क्या है; और

(छ) इनसे अर्जित लाभ का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अंतर्गत आने वाली खानों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

| खान का नाम | स्थिति | इकाई का नाम एवं स्थान | वित्त वर्ष 2023-24 में तांबा अयस्क का इकाई-वार उत्पादन (टन में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| मलांजखंड | प्रचालनरत | मलांजखंड कॉपर | 25,45,820 | 1,677.96 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रोजेक्ट, मध्य प्रदेश | | |
| खेतड़ी | प्रचालनरत | खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स, राजस्थान | 12,31,500 | |
| कोलिहान | प्रचालनरत | | | |
| सुरदा | प्रचालनरत | इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स, झारखंड | 4,936 | |

(ग): पिछले तीन वर्षों में एचसीएल द्वारा अर्जित लाभ का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नलिखित है:

| | 2023-24 | 2022-23 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| कर पूर्व लाभ (करोड़ रुपये में) | 410.43 | 395.66 | 381.72 |

(घ) से (छ): महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में एचसीएल तांबा संयंत्रों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

| संयंत्र | इकाई एवं स्थान | अनुमानित स्थापना लागत (करोड़ रुपये में) | स्थापना वर्ष | विनिर्मित उत्पाद | वर्ष 2023-24 में लाभ/हानि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| सतत कास्ट वायर रॉड संयंत्र | तलोजा कॉपर प्रोजेक्ट, रायगढ़, महाराष्ट्र | 29.75 | 1988 | सतत कास्ट वायर रॉड | 15.75 (हानि) |
| तांबा सान्द्रक संयंत्र | मलांजखंड कॉपर प्रोजेक्ट, बालाघाट, मध्य प्रदेश | 28.73 | 1982 | तांबा सांद्र | 404.33 (लाभ) |

*****